<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2464

08 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात मंत्रालय की सीएसआर निधि

2464. श्री शिशिर कुमार अधिकारीः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार गत चार वर्षों के दौरान कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) परियोजना की सम्पूर्ण धनराशि खर्च करने में सफल रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी संगठन-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि सरकार विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए लीज़ होल्ड/स्थानीय सामाजिक संगठनों, विद्यालयों, अस्पतालों और स्थानीय निकायों का समर्थन ले रही है; और

(घ) यदि हां, तो मानदंडों का ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान क्षेत्र-वार कितना खर्च किया गया है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, इस्पात मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) गत तीन वित्त वर्षों के दौरान प्राप्त औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2% कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के लिए निर्धारित रखते हैं। पिछले वर्ष का अव्ययित शेष, यदि कोई हो, तो उसे अगले वर्ष उस उद्देश्य के उपयोग के लिए आगे ले जाया जाता है जिसके लिए वह आवंटित किया गया था। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने चालू प्रतिबद्ध सीएसआर गतिविधियों की निरंतरता बनाए रखने के लिए हानि वाले वर्षों में भी सीएसआर निधि आवंटित की। गत चार वर्षों के दौरान इस्पात मंत्रालय

के अधीन सीपीएसई द्वारा सीएसआर गतिविधियों के लिए खर्च की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है:

(लाख रुपये में)

सीपीएसई का नाम	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल)	7616	2905	2570	3118
राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)	873	853	960	1030
एनएमडीसी लि.	21009	17418	16937	16724
मॉयल लि.	1447	1143	962	929
एमएसटीसी लि.	150	80	215	200
मेकॉन लि.	221	67	49	17
केआईओसीएल लि.	64	38	16	33

(ग) और (घ): जी हाँ। केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) विभिन्न विकास कार्यों/गतिविधियों के लिए स्थानीय सामाजिक संगठनों, स्कूलों, अस्पतालों और स्थानीय निकायों को वित्तीय सहायता दे रहे हैं। इस्पात मंत्रालय के अधीन सीपीएसई द्वारा सीएसआर परियोजनाओं को शुरू करने का मानदंड यह है कि ये परियोजनाएं मुख्य रूप से इस्पात संयंत्रों, इस्पात टाउनशिपों और खानों की परिधि में परिचालित की जाती हैं। सीएसआर गतिविधियों के महत्वपूर्ण क्षेत्र, जिनमें पिछले तीन वर्षों के दौरान व्यय किया गया है उनमें, अन्य बातों के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूहों के जरिए सतत् आय अर्जन, दिव्यांगों को सहायता, जल एवं स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध करवाना, ग्रामीण विकास, पर्यावरण अवलंबन, स्पोर्ट्स कोचिंग, परंपरागत कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना, इत्यादि शामिल हैं।

****